म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स
एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

https://mpcci.in

# eअर्थवार्ता

## मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 03
- माह : सितम्बर 2024

SEPTEMBER
2024

http://www.mpcci.in
eअर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# 'सोलर फेयर-2024' सफलता पूर्वक आयोजित

## 'सोलर फेयर'

## वेण्डर्स एवं शहरवासियों के लिए सुनहरा अवसर : श्री अमित सांघी, डीआईजी, ग्वालियर रेंज



सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन तकनीक से लोगों को जागरूक करने एवं इससे संबंधित उत्पादों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से दि. 7-8 सितम्बर, 24 को 'सोलर फेयर' का भव्य आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया।

इस 'दो-दिवसीय' आयोजन में न केवल ग्वालियर शहर, अपितु आसपास के शहरों से भी काफी संख्या में लोगों ने पधारकर, सौर ऊर्जा से संबंधित नई तकनीकी व उसके उत्पादों सहित सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के संबंध में भी विस्तार से चर्चा कर, जानकारी प्राप्त की।

उपरोक्त आयोजन का शुभारंभ, डीआईजी ग्वालिययर रेंज-श्री अमित सांघी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आपने कहा कि वर्तमान दौर परंपरागत एनर्जी से हटकर गैर परंपरागत एनर्जी का है, जिसमें सोलर, विंड एनर्जी प्रमुख है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा व्यापारिक एवं औद्योगिक गतिविधियों के साथ ही जनता से जुड़े हितों पर भी कार्य किया जाता है। यह सोलर-फेयर इसका उदाहरण है। इस फेयर से ग्वालियरवासी सोलर एनर्जी को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। सोलर से सस्ती बिजली उपलब्ध होती है और इसका मेंटनेंस भी बहुत लो है। इस फेयर से जहाँ सोलर वेण्डर्स को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। फेयर से लोग ज्यादा से ज्यादा सोलर एनर्जी की ओर प्रेरित होंगे। सोलर वेण्डर्स एवं शहरवासियों के लिए यह फेयर एक सुनहरा अवसर है।

सोलर फेयर का शहरवासियों ने काफी संख्या में विजिट कर, सोलर प्लांट लगाने के लिए जानकारी प्राप्त की तथा अपने घर पर सोलर प्लांट लगाने के लिए बुकिंग भी कराई गई।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि सोलर एनर्जी की आवश्यकता आखिर देश को क्यों है। आपने बताया कि एक समय था, जब हमारे प्रदेश में विद्युत की कमी थी और प्रदेश सरकार को बिजली खरीद कर, आपूर्ति करना पड़ती थी। इसमें काफी राजस्व खर्च भी होता था, तब सरकार द्वारा सोलर एनर्जी को बढ़ावा देना प्रारंभ किया गया था। हमारा देश सोलर एनर्जी में आत्मनिर्भर बने, इसलिए सरकार सोलर एनर्जी पर सब्सिडी दे रही है। आपने बताया कि 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट लगाने का खर्च 1 लाख 90 हजार आता है। इसमें सरकार द्वारा 78 हजार रूपये सब्सिडी दी जा रही है। सोलर पैनल लगाने से जितनी बिजली खर्च होगी, उतनी बिजली उत्पन्न भी होगी। यह टू-वे सिस्टम हमें बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा। उद्योग भी सोलर एनर्जी की ओर प्रेरित हों, यह हमारा अगला कदम होगा।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने किया। आपने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ना बहुत आवश्यक है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स की इस टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण को अपने एजेण्डा में रखा है और गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोलर फेयर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोग सोलर एनर्जी को अपनाएं और अपने घर के बिजली के बिल को कालांतर में शून्यता की ओर ले जाएं। इस फेयर में देश के विख्यात सोलर वेण्डर्स द्वारा अपने स्टॉल लगाए गए हैं।

कार्यक्रम के अंत में डीआईजी, ग्वालियर रैंज–श्री अमित सांघी जी को संयुक्त अध्यक्ष–हेमंत गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही, आभार उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी–श्री पंकज मोटवानी, श्री मोहित अग्रवाल आदि उपस्थिति थे।




पहल सोलर




ओम एनर्जी सोल्यूशन




सी. पी. सोलर एनर्जी




म. प्र. सोलर ऊर्जा सोल्यूशन



पंजाब फ्रोजन इंटरप्राइजेज




जे. एस. टेक्नो इंजीनियरिंग




त्रिशान इंटरप्राइजेज




डिवीलाइन इंजीनियरिंग




सतीश सलूजा पॉवर




पिंगाक्ष एनर्जी




ए. एण्ड डी. मार्केटिंग कं.




एस. जी. कन्सट्रेक्शन्स




सन सोलर




शिवालिका क्लीनटेक प्रोजेक्ट्स प्रा. लि.




अदविका इंटरप्राइजेज




ग्रीन एनर्जी फूडटेक इंटरप्राइजेज

# पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत तीन–दिवसीय ''विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेला'' दि. 3, 4 व 5 सितम्बर को आयोजित




चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं एमएसएमई विकास कार्यालय (इन्दौर) के संयुक्त तत्वावधान में दि. 03, 04, 05 सितम्बर,2024 को (तीन–दिवसीय) 'विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेले' का शुभारम्भ 'चेम्बर भवन' में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित, जिलाधीश–श्रीमती रुचिका चौहान ने अपने उद्‌बोधन में कहाकि शिल्पकार, विश्वकर्मा एवं अत्यंत छोटे कारीगर जब अपने उत्पादों की बिक्री करने और उनको प्रदर्शित करने अपने क्षेत्र से बाहर निकलते हैं, तो न केवल उनके उत्पाद की बाजार संभावनाएँ बढ़ती है अपितु उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। आपने कहा कि बड़े एवं मध्यम उद्योगों के लिए तो बहुत सारी शासकीय योजनाएँ लाई गईं हैं किन्तु छोटे शिल्पकारों एवं विश्वकर्माजनों के सपनों को साकार करने के लिए, उनकी कठिनाईयों को दूर करने के लिए लाई गई पीएम विश्वकर्मा योजना सही मायनों में परिदृश्य बदलने वाली योजना साबित होगी। आपने कहाकि आर्थिक रूप से सशक्त भारत को विश्व पटल पर लाने के लिए छोटे–छोटे स्तर पर विश्वकर्माओं को, कारीगरों को मजबूत करना सही दिशा में कदम साबित होगा। आपने पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़े सभी क्रियान्वयन विभागों को निर्देशित किया कि वे योजना के क्रियान्वयन के लिए अत्यधिक गंभीरता से काम करें एवं विश्वकर्माओं को आने वाली छोटी से छोटी समस्याओं का तत्परता से निराकरण करें।

इस अवसर अतिथियों का स्वागत करते हुए एमएसएमई विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक, श्री राजीव एस. ने अपने संबोधन में कहाकि पीएम विश्वकर्मा योजना में विश्वकर्माजनों का पंजीयन, टूल किट प्रदान करना तथा प्रशिक्षण उपरान्त रियायती ऋण प्रदान करना प्रमुख घटक रहे हैं किन्तु बाजार सहायता के बगैर हम उनकी कठिनाईयों को दूर नहीं कर सकते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए एमएसएमई मंत्रालय के द्वारा विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य विश्वकर्माजनों को बाजार सहायता उपलब्ध करवाना है। पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य विश्वकर्माजनों को एमएसएमई स्तर पर ले जाकर उन्हें एमएसएमई स्तर की योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ दिलवाना है। कार्यक्रम में म. प्र. शासन के ज्वाइंट डायरेक्टर उद्योग, श्री के. एस. सोलंकी के द्वारा जानकारी दी गई कि भारत सरकार की पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के लिए म. प्र. शासन भी तत्परता से काम कर रहा है। ग्वालियर जिले में एक लाख, 24 हजार से अधिक विश्वकर्माओं का पंजीकरण किया गया है।

इस अवसर पर अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपने उद्‌बोधन में कहाकि विश्वकर्मा सृष्टि के सबसे बड़े वास्तुकार माने जाते हैं। यह भारत सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है कि वो समाज के निचले वर्ग के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी योजनाओं को सामने लाकर, उन पर गंभीरता से काम भी कर रही है। इस प्रदर्शनी में न केवल विश्वकर्मा बंधुओं को बाजार मिलेगा अपितु सेमीनार के माध्यम से भारत सरकार की बहुत सारी योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त होगी।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे, कार्यालय सहायक निदेशक, श्री नीलेश त्रिवेदी ने कार्यक्रम का उद्देश्य एवं भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय की उद्योगों के लिए सहायक योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में पधारे हुए अतिथियों एवं विश्वकर्माजनों के प्रति आभार, चेम्बर के मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल द्वारा किया गया।

एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अलग–2 कौशल वाले 50 से अधिक विश्वकर्मा जैसे मूर्तिकार, बढ़ई, मालाकार, दर्जी, औजार निर्माता, सुनार, कुम्हार आदि ने जनभागीदारी कर अपने उत्पादों एवं कला कौशल का प्रदर्शन किया गया।

**दिनांक : 4 सितम्बर, 2024**

विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेले के दूसरे दिन विश्वकर्माओं को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए सहायक विभिन्न शासकीय विभागों की योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सेमिनार सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंटल बैंक ऑफ इंडिया, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल मार्केट, मंत्रालय एवं विश्वकर्मा योजना के कॉमन फे सिलिटी सेंटर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सेमिनार में उद्घाटन भाषण, एमएसएमई विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक, श्री राजीव एस द्वारा दिया गया। सेमिनार का उद्घाटन करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर, श्री अरविन्द मिश्रा ने कहा कि भारत सरकार की सभी योजनाओं में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेमिनार के उदघाटन सत्र में चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी सचिव–श्री दीपक अग्रवाल, एमएसएमई विकास कार्यालय, इंदौर सहायक निदेशक–श्री राजकुमार मोहनानी एवं श्री आई. तिर्की ने भी संबोधित किया।

सेमिनार के तकनीकी सत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर, श्री अरविन्द मिश्रा एवं प्रबंधक, श्री कार्तिक पाराशर, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल मार्केट के श्री प्रफु ल्ल राजपूत, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक, श्री प्रदीप कुमार, श्री संजीव कुमार, सीएससी के प्रतिनिधि श्री अभिनन्दन, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की शिवांगी मिश्रा एवं विकास कार्यालय के सहायक निदेशक, श्री नीलेश त्रिवेदी के द्वारा अपने विभागों की योजनाओं एवं प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर प्रदान किए। बैंकर्स एवं यूपीआई से संबंधित एजेंसियों के द्वारा प्रदर्शनी के सभी 82 स्टॉलों के प्रतिभागियों को बैंकिंग एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए स्कैनर तैयार करवाकर दिए गए तथा उसकी प्रक्रिया एवं परिचालन विधि की विस्तार से जानकारी दी गई।

**दिनांक : 5 सितम्बर, 2024**

अंतिम दिन विश्वकर्माओं को नवीनतम योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देकर उनके व्यवसाय में वृद्धि लाने के उद्देश्य से सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में वॉलमार्ट के प्रतिनिधि–श्री सौरभ अग्रवाल ने विश्वकर्माओं को अपने प्रॉडक्ट ई–मार्केट पर स्थापित करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, म. प्र. शासन की छोटे उद्यमियों के लिए ऋण योजनाओं के बारे में प्रबंधक, डीआईसी–श्री अल्ताफ ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सेंटर फॉर एग्रीबिजनेस एण्ड इंटरप्राइसेस, ग्वालियर के श्री अवध बिहारी लाल ने शिल्पकारों को उनके सह व्यवसाय कृषि क्षेत्र के अंतर्गत स्टॉर्टअप, इन्क्यूबेशन की जानकारी प्रदान की एवं कृषि उत्पादों से निर्मित नवीन उत्पादों की जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर एमएसएमई विकास कार्यालय की वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, श्रीमती अनुज्ञा हण्डू ने अपने संबोधन में विश्वकर्माजनों को आने वाली समस्याओं का समाधान ऑनलाईन से किस प्रकार से संभव हो सकता है, इसकी जानकारी दी। सेमीनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में विकास आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली से पधारे, श्री योगेश कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

विश्वकर्मा प्रदर्शनी सह व्यापार मेले के अंतिम दिन जिला पंचायत ग्वालियर के सीईओ–श्री विवेक सिंह, आईएएस के द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें उनके साथ एमएसएमई विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक–श्री राजीव एस, विकास आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली के उपनिदेशक–श्री योगेश कुमार शर्मा एवं अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल व मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल शामिल थे।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# 'संवाद' : समूह क्र. 30, 31, 42 की बैठक आयोजित



समूह क्रमांक–30 (जनरल मर्चेन्ट व्यवसाय), समूह क्रमांक–31 (तम्बाकू–बीड़ी, सिगरेट एवं मदिरा व्यवसाय) एवं समूह क्रमांक–42 (अन्य व्यवसाय) की बैठक 24 सितम्बर, 24 आयोजित की गई।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल ने कहा कि हमारी टीम द्वारा 'चेम्बर संवाद' को प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य है कि संस्था के साधारण सदस्य अपनी बात खुलकर यहाँ आकर रख सकें। चेम्बर सदस्यों को साधारणतः वर्ष में एक बार साधारण सभा में आने का अवसर प्राप्त होता है और उस सभा में भी सभी सदस्यों को बोलने का अवसर प्राप्त नहीं हो पाता है। चेम्बर के साधारण सदस्य अपने विचार खुले मन से रख सकें। यही उद्देश्य इस 'संवाद' का है।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष–श्री अरविन्द अग्रवाल ने 'चेम्बर संवाद' को प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि चेम्बर को डिस्ट्रीब्यूटरशिप मामले पर एसोसिएशन के साथ बैठकर पॉलिसी बनानी चाहिए। इस पॉलिसी में पुराने डिस्ट्रीब्यूटर के प्रकरण का निराकरण होने के बाद ही नया डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किए जाने का प्रावधान किया जाए।

'संवाद' में व्यवसायियों ने बताया कि छोटे व्यवसाई, जिनका टर्नओवर 30–40 लाख है, उनसे जीएसटी रिटर्न व टैक्स वर्ष में एक बार ही लेना चाहिए। हम व्यापारियों द्वारा कंपनी के प्रॉडक्ट को बाजार में स्थापित किया जाता है और जब वह प्रॉडक्ट स्थापित हो जाता है, तब कंपनियाँ बिना किसी कारण के छोटे व्यापारी से डिस्ट्रीब्यूटरशिप छीनकर बड़े व्यापारी को दे देती हैं और छोटे व्यापारी का जो स्टॉक होता है, उसे वापिस नहीं लिया जाता है। इस कारण व्यापारी की उधारी वसूल नहीं हो पाती है व स्टॉक भी व्यापारी के पास रहने से छोटे व्यवसायी को आर्थिक नुकसान होता है, जिसकी सुनवाई कंपनी द्वारा नहीं की जाती है। यदि फूड सेम्पल में दूध का फैट 1 प्वॉइंट भी कम आए, तो उसे विभाग द्वारा मिलावटी कहकर मीडिया में प्रचारित किया जाता है जबकि पशुओं द्वारा दिए जाने वाले दूध में भी फैट की मात्रा कम होती है। इस प्रकार गलत प्रचार से व्यापारी की कारोबारी प्रतिष्ठा पर दुष्प्रभाव पड़ता है। व्यापारियों द्वारा 10 के सिक्के ग्राहकों से लिए जाते हैं। इस सिक्के में लाइनों का भ्रम होने से कई बार ग्राहक नहीं लेता है और बैंक भी व्यापारियों से सिक्के लेने में आना–कानी करती हैं। इसे भी दूर किया जाना चाहिए। फायर एनओसी व ऑडिट की प्रक्रिया का सरलीकरण होना चाहिए। ऑनलाइन व्यापार के कारण भी छोटे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। महाराज बाड़ा से माधौगंज जाने वाले मार्ग पर फोर व्हील एवं थ्री व्हील वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। वहीं माधौगंज के इस क्षेत्र में दुकानों के आगे ठेले स्थायी रूप से खड़े हो रहे हैं, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और प्रशासन द्वारा इन ठेलों को वहाँ से नहीं हटाया जाता है।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि 'चेम्बर संवाद' व्यवसायियों को चेम्बर से जोड़ने का नवाचार है। आपने बताया कि गत समूहों के साथ हुए 'संवाद' में जो भी समस्याएं आई हैं, उन पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। आपके द्वारा जो विषय उठाए गए हैं, उन पर कल से ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आपने कहा कि फायर एनओसी पर शीघ्र ही निगमायुक्त महोदय के साथ सिंगल

पॉइंट पर बैठक चेम्बर भवन में शीघ्र ही प्रस्तावित है। इस समस्या पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। वहीं जीएसटी से संबंधित विषयों को प्री-बजट मेमोरेंडम में भेजा जाएगा। कंपनी द्वारा डिस्ट्रीब्यूटरशिप परिवर्तन करने के विषय पर एसोसिएशन के साथ बैठकर पॉलिसी बनाई जाएगी। फूड सेम्पलिंग के संबंध में कार्यशाला प्रस्तावित है। रु. 10 के सिक्के बैंकों द्वारा नहीं लिए जाने के संबंध में लीड बैंक को पत्र लिखा जाएगा। शहर में यातायात व्यवस्था पर प्रभावी कार्यवाही के लिए शीघ्र ही प्रशासन के साथ बैठक की जाएगी।

बैठक के अंत में आभार पूर्व मानसेवी संयुक्त सचिव-डॉ. प्रकाश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में कार्यकारिणी समिति सदस्य-कैलाश जौलिया, हिमांशु अमरपुरी, संजय गुप्ता, दिलीप अग्रवाल, विजय कुमार गोयल, पंकज सिंघल सहित महेश मुदगल, सुरेन्द्र कोहली, श्री रस्तोगी जी, कैलाश चावला, वासुदेव दयानी, नरेन्द्र मांडिल आदि सहित काफी संख्या में समूह क्रमांक-30, 31 एवं 42 के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सितम्बर 2024 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, ट्रांसपोर्ट नगर की जर्जर सड़कों के स्थाई समाधान हेतु डीपीआर बनाए जाने तथा अस्थाई समाधान के रूप में सड़कों को अतिशीघ्र मोटरेबल किए जाने की माँग की गई।

* मुख्य महाप्रबंधक, ग्वालियर रीजन एवं महाप्रबंधक (शहर वृत्त), म. प्र. म. क्षे. वि. वि. कं. लि. को पत्र प्रेषित कर, सोलर पैनल आधारित कनेक्शन में उपभोक्ता और वेण्डर्स को आने वाली परेशानियों को निश्चित समयावधि में पूर्ण किए जाने की माँग की गई।

* मुख्य मंत्री-माननीय डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के जल संसाधन व प्रभारी मंत्री-ग्वालियर-माननीय श्री तुलसी सिलावट, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री-माननीय श्री कैलाश विजयवर्गीय, ऊर्जा मंत्री-माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, ट्रांसपोर्ट नगर की जर्जर सड़कों के स्थाई समाधान हेतु डीपीआर बनाए जाने तथा अस्थाई समाधान के रूप में सड़कों को अतिशीघ्र मोटरेबल किए जाने की माँग की गई।

* मुख्य महाप्रबंधक एवं महाप्रबंधक (शहर वृत्त), म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कं. लि., ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, सोलर पैनल आधारित कनेक्शन में उपभोक्ता और वेण्डर्स को आने वाली परेशानियों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने की माँग की गई।

* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'फायर सेफ्टी' पर चेम्बर भवन में बैठक आयोजित किए जाने की माँग की गई।

* जिलाधीश, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम,2006 के अन्तर्गत सलाहकार समिति गठित किए जाने की माँग की गई।

* केन्द्रीय गृहमंत्री-माननीय श्री अमित शाह को पत्र प्रेषित कर, ऑनलाइन ठगी द्वारा हासिल की गई रकम से अगर कोई ठग किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान से माल क्रय कर, ऑनलाईन भुगतान करने पर पुलिस द्वारा प्रतिष्ठान का खाता फ्रीज कर, रकम वापिसी का दबाव बनाए जाने के संबंध में संबंधितों को उचित निर्देश जारी करने की माँग की गई।

## कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 27 सितम्बर,24 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय :-

* मेसर्स जे बी मंघाराम फू ड्स लि. का स्वरूप लिमिटेड से प्रा. लि. किए जाने का निर्णय लिया गया।
* मेसर्स नवकृति हाऊसिंग डेवलपमेन्ट्स का समूह क्र.-26 (केमीकल व्यवसाय) से समूह क्रमांक-22 (बिल्डर एवं डवलपर्स व्यवसाय) में किए जाने का निर्णय लिया गया।
* ''दीपावली मिलन समारोह'' का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया।

# सदस्य उपलब्धियाँ...

## श्री सनातन धर्म मण्डल के निर्वाचन सम्पन्न



श्री विजय गोयल
अध्यक्ष



श्री रमेशचन्द्र गोयल
प्रधानमंत्री

श्री सनातन धर्म मण्डल के सम्पन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-श्री हरीशंकर सिंघल, उपाध्यक्ष-श्री प्रदीप सिंघल, प्रधानमंत्री-श्री रमेशचन्द्र गोयल (लल्ला), संयुक्त प्रधानमंत्री-श्री राजेश बंसल, कोषाध्यक्ष-श्री राकेश बंसल, सह कोषाध्यक्ष-श्री नरेन्द्र मंगल, धर्म मंत्री-श्री रविन्द्र सिंघल (चौबे), समाज कल्याण मंत्री-श्री मोहनलाल अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री-श्री संदीप वैश्य, शिक्षा मंत्री-श्री नारायण बृजवासी, आंतरिक लेखा परीक्षक-श्री मनोज सांघी सहित कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री कृष्ण कुमार गोयल, आशीष जैन, समीर अग्रवाल, तरुण मित्तल, हितेन्द्र अग्रवाल, मनीष गोयल, नरेश सिंघल, आर. के. खेतान, विजय जाजू, अनुज माहेश्वरी, शैलेन्द्र बंसल निर्वाचित हुए।

## लोहा व्यवसाई संघ के निर्वाचन सम्पन्न



श्री राकेश लहारिया
अध्यक्ष



श्री महेश गेड़ा
सचिव

लोहा व्यवसाई संघ के 3 सितम्बर को सम्पन्न निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री राकेश लहारिया, उपाध्यक्ष-श्री निर्मल कुमार जैन, सचिव-श्री महेश गेड़ा, सहसचिव-श्री धीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष-श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, अंकेक्षक-श्री वैभव सिंघल सहित कार्यकारिणी सदस्य-सर्वश्री अशोक गुप्ता, श्याम सरावगी, सुभाष सिजरिया, राजेश मोर, अनिल गुप्ता निर्वाचित हुए हैं। साथ ही, श्री विनोद बिजपुरिया को अध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

## जीवाजी क्लब के निर्वाचन सम्पन्न



श्री राजेन्द्र सेठ
अध्यक्ष



श्री संजय वर्मा
सचिव

जीवाजी क्लब के निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री राजेन्द्र सेठ, उपाध्यक्ष-श्री अमित गुप्ता, सचिव-श्री संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष - संजय नीखरा सहित कार्यकारिणी सदस्य - सर्वश्री मधुर मित्तल, अमर राठौर, दुर्गेश चौरसिया, जीतेन्द्र गुप्ता, राहुल गोयल।

## अग्रवाल नवयुवक संघ के निर्वाचन सम्पन्न



श्री सुनील गर्ग (बबलू)
अध्यक्ष



श्री मनोज सरावगी
महामंत्री

अग्रवाल नवयुवक संघ, महाराजा अग्रसेन उद्यान, दौलतगंज के निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री सुनील गर्ग (बबलू) एवं महामंत्री-श्री मनोज सरावगी निर्वाचित हुए हैं।

## श्री करौली वालान अग्रवाल पंचायत के निर्वाचन सम्पन्न



श्री रवीन्द्र कुमार सिंघल
अध्यक्ष



श्री सुनील अग्रवाल (सनी)
महासचिव

श्री करौली वालान अग्रवाल पंचायत के सम्पन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष-श्री रवीन्द्र कुमार सिंघल, उपाध्यक्ष-श्री आशीष अग्रवाल, महासचिव-श्री सुनील अग्रवाल (सनी) निर्वाचित हुए।



### श्री शिवरतन सिधवानी, झूलेलाल कल्चरल सोसा. के मीडिया प्रभारी निर्वाचित

झूलेलाल कल्चरल सोसायटी के हाल ही में सम्पन्न निर्वाचन में श्री शिवरतन सिधवानी, मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए।



### श्री गिरीश अग्रवाल, सनवैली रहवासी सहकारी संस्था के अध्यक्ष निर्वाचित

सनवैली रहवासी सहकारी संस्था के संचालक मण्डल द्वारा सर्वसम्मति से श्री गिरीश अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया।

**उपरोक्त सभी सदस्य महानुभावों को संस्था के पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।**

# दीपोत्सव 'दीपावली' की हार्दिक शुभकामनाएँ




**डॉ. प्रवीण अग्रवाल**
अध्यक्ष

**हेमन्त गुप्ता**
संयुक्त अध्यक्ष

**दीपक अग्रवाल**
मानसेवी सचिव

**डॉ. राकेश अग्रवाल**
उपाध्यक्ष

**संदीप नारायण अग्रवाल**
कोषाध्यक्ष

**पवन कुमार अग्रवाल**
मानसेवी संयुक्त सचिव

**कार्यकारिणी सदस्यगण :** अशोक विजयवर्गीय, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, श्रीमती अलका श्रीवास्तव, अभिषेक चतुर्वेदी, रोशन गाबरा, धर्मेश गुप्ता, विवेक हरलालका, प्रीतम सिंह बघेल, अंकुर अग्रवाल, मनोज सरावगी, धर्मेन्द्र जैन, किशोर कुमार कुकरेजा, घनश्यामदास नागवानी (मधु), मोहन माहेश्वरी, द्वारकादास गुप्ता, रवि कुमार गर्ग, कल्याणचंद गुप्ता, संजय अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अनुराग गर्ग, विपुल अग्रवाल, दीपक श्रीचन्द जैस्वानी, मुकेश गोयल, अजय गोयल, राकेश कुमार गुप्ता, गोकुल बंसल, जितेन्द्र बंसल, जगदीश खेमानी, महेन्द्र कुमार साहू, राजेन्द्र सिंघल, लोकेश अग्रवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, दीपक जैन, रवि जैन, दीपेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण गर्ग (रोबिन), अजीत जैन, पारस जैन (मुरार), अभिषेक गोयल, अनिल कुमार आनन्द, पारस जैन, विवेक बंसल, आशीष अग्रवाल, सुनील गोयल (कोठी वाले), के. के. महेश्वरी, दीपक अग्रवाल, राधामोहन गुप्ता, विकास अग्रवाल, आलोक आहूजा, मनोज कुमार सांघी, ओमप्रकाश पुष्प, मनोहरलाल अरोरा, प्रशांत सिंघल, भरत कुमार बंसल, विपुल गुप्ता, जगदीशप्रसाद निगोतिया, अमित सेठी, रवि अग्रवाल, विनोद कुमार बिजपुरिया, सुभाष गुप्ता, रवि मंगल, मनोज भाटिया, श्याम कुमार गुप्ता, निर्मल कुमार जैन, वैभव सिंहल, शुभम मंगल, श्रीमती अंजलि गुप्ता, डॉ. विनोद जैन, नवीन अग्रवाल, रीतेश अग्रवाल, अवध सिंह धाकरे, गिर्राज सिंघल, प्रतीक जैन, बसंत शर्मा, संजीव अग्रवाल (कुक्कू), आशीष जैन, रामकुमार गोयल, रवि मित्तल, पवन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अरूण गुप्ता, शिवरतन सिधवानी, विश्वास जेस्वानी, सुरेश बंसल, अमित अग्रवाल, मनोज जैन, दीपक पमनानी, आशुतोष मिश्रा, संजय अग्रवाल, अनिल दुबे, दीपक गुप्ता, राकेश लहारिया, अशोक शर्मा (प्रेमी), कैलाश जौलिया, राजकुमार अग्रवाल, हिमांशु अमरपुरी, पवन गर्ग, आलोक जैन, संजय गुप्ता, आशुतोष लहारिया, अखिलेश गोयल, रवि गुप्ता, अशोक कुमार अग्रवाल, राजेश बंसल, संदीप जैन, मयंक गर्ग, मनीष सिंघल, नरेन्द्र मंगल (लाला), पंकज अरोरा, मयंक अरोरा, दिनेश कुमार अग्रवाल, पुरषोत्तम गुप्ता, सतीश गर्ग, राकेश अग्रवाल, एम. के. सांघी, संजय गोयल, प्रवीण अग्रवाल, बृजेश गुप्ता, अनूप साहू, गौरव गर्ग, प्रदीप कुमार अग्रवाल, कमलेश कुमार जैन, चन्द्रकांत अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, विजय कुमार गोयल, पंकज सिंहल, ब्रजेश गोयल, प्रशान्त गंगवाल, राजकुमार गर्ग, आर. पी. अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, संजयनारायण अग्रवाल, अमर सिंह ग्रोवर, अंकित अग्रवाल, राकेश झा, ललित गुप्ता, सुनील अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, राजेश माखीजा, अनिल अग्रवाल, राहुल जैन, नंदकिशोर गोयल, विपिन गुप्ता, कृष्ण कुमार मित्तल, संजीव गुप्ता, ओमप्रकाश कुकरेजा, रामकुमार चौपड़ा, रामनिवास अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, जितेन्द्र जाजू, श्रीमती साधना जैन, सुशांत सिंघल, कृष्ण बिहारी गोयल, हरिहरशरण गर्ग, अमृत माहेश्वरी, प्रतीक गुप्ता, ग्वालदास अग्रवाल, सुनील सिंहल सर्राफ, कु. रूचिका अग्रवाल, सुजीत कुमार अग्रवाल, गिरिराज सिंघल।

**प्रेषक :** स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक–दीपक अग्रवाल, दूरभाष–2371691,2632916,2382917